Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 11 नवंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 46

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएम मोदी 13 को आएंगे छत्तीसगढ़

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 नवंबर को एक बार फिर से छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। पीएम मोदी मुंगेली और महासमुंद जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी आम सभा को संबोधित करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के मुताबिक पीएम मोदी सुबह 10:15 को रायपुर पहुंचेंगे। बता दें कि, 13 नवंबर को पीएम मोदी राजधानी रायपुर के चारों विधानसभाओ रोड शो भी कर सकते हैं। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में चुनावी बिगुल बजने के बाद केंद्र के दिग्गज नेताओं का प्रदेश दौरा लगातार जारी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान हो चुका है और 17 नवंबर को दूसरे चरण के लिए मतदान होना है। दूसरे चरण के मतदान से पहले पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत तमाम बड़े केंद्रीय मंत्रियों का छत्तीसगढ़ दौरा जारी है।

### केमिकल ब्लास्ट की तैयारी कर रहा था आतंकी, यूपी एटीएस की टीम ने किया गिरफ्तार

**दुर्ग/लखनऊ (आरएनएस)।** बीते दिनों मुंबई से गिरफ्तार हुए शाहनवाज और रिजवान की पूछताछ के आधार पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में बैठ भारत के खिलाफ युद्ध छेडऩे की तैयारी कर रहे लोगों की गिरफ्तारी का दौर जारी है. 3 नवंबर को अलीगढ़ से अब्दुल्लाह अर्सलान और माज बिन तारिक की गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ से एएमयू के पूर्व छात्र को गिरफ्तार किया है. ये आरोपी उत्तर प्रदेश में केमिकल ब्लास्ट करने की तैयारी कर रहा था. यूपी एटीएस की टीम आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ ले आई है। स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि, बीती 3 नवम्बर को गिरफ्तार किए गए अब्दुल्लाह अर्सलान और माज बिन तारिक से पूछताछ की गई थी. पूछताछ में सामने आया था कि, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में कई ऐसे छात्र और स्टाफ के लोग हैं, जो आईएसआईएस विचारधारा फॉलो कर रहे हैं और उत्तर प्रदेश में बड़े हमले की प्लानिंग कर रहे है. दोनों आरोपियों ने एएमयू से पीएचडी कर चुके वजीहुद्दीन का नाम उगला, जो छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले का रहने वाला था।

### मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर की लैंडिग में बड़ी चूक, बाल-बाल बचे सीएम बघेल

**बिलाईगढ़ (आरएनएस)।** बिलाईगढ़ में चुनावी आमसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग में बड़ी चूक हो गई। इस घटना में मुख्यमंत्री बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि पायलट की गलती की वजह से यहां बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे हुए थे, यहां पर प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया और काफ ी संख्या में लोग यहां मौजूद थे जिसके चलते हेलीकाप्टर के पहुंचते ही वहां अफ रा तफ री मच गई। एसपी आशुतोष सिंह अनुसार पायलट को अक्षांश और देशांतर (लोंगिट्यूड-लैटीट्यूड) की कुछ गफलत हुई, जिसकी वजह से लैंडिंग वहां नहीं करायी जा सकी। पायलट ने भी इस चूक को माना है।

### हवलदार भीम यादव और असीम को कोर्ट ने 14 दिनों तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा

**रायपुर (आरएनएस)।** महादेव ऐप मामले में गिरफ्तार पुलिस हवलदार भीम यादव और असीम को कोर्ट ने 14 दिनों तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। कोर्ट ने ईडी को रिमांड नहीं दीं। इससे पहले भीम सिंह यादव और कार ड्राइवर असीम दास बंगाली उर्फ बप्पा को शुक्रवार दोपहर विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया गया। बता दें कि ईडी ने असीम दास से पिछले सप्ताह पांच करोड़ रूपए राजधानी के एक होटल से जब्त किए गए थे।

### ईडी ने दो आईपीएफ को भेजा नोटिस

**रायपुर (आरएनएस)।** महादेव सट्टा एप मामले में ईडी द्वारा दो आईपीएस अफसरों को नोटिस भेजा है। यह नोटिस पीएमएलए 50 के तहत जारी किया गया है। इन अधिकारियों में रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल और कवर्धा के एसपी अभिषेक पल्लव का नाम शामिल है। बताया गया है कि एसपी अभिषेक पल्लव से ईडी ने इस मामले में पूछताछ भी की है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ की राजनीति में भूचाल लाने वाले सट्टा एप मामले में अभी और कई अफसरों व सफेदपोशों के नाम शामिल होने की चर्चाएं जोरों पर हैं।

# भारत ने अमेरिका को सौंपे द्वितीय विश्व युद्ध के अमेरिकी पैराशूट, वर्दी और हवाई जहाज के हिस्से

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में अमेरिकी रक्षा मंत्री को शुक्रवार को अमेरिकी सेना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण चीजें भेंट की गई। अमेरिकी सेना की यूनिफार्म और अमेरिकी हवाई जहाज के हिस्सों समेत यह सब वस्तुएं सेकंड वर्ल्ड वार से जुड़ी हैं।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा पीओडब्ल्यू एमआईए अकाउंटिंग एजेंसी मिशन के हिस्से के रूप में असम में बरामद इन वस्तुओं को प्रतीकात्मक रूप से अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन को सौंपा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इन वस्तुओं में द्वितीय विश्व युद्ध के समय की अमेरिकी सेनाओं के पैराशूट, वर्दी और हवाई जहाज के हिस्से शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि दोनों देशों के मंत्रियों ने बातचीत के अंत में अपनी टीमों के लिए भविष्य के संयुक्त कार्य के लिए एक एजेंडा तैयार किया।

दरअसल, अमेरिका की रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दौरान उन्होंने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की है।

इस संबंध में आधिकारिक जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 10 नवंबर को नई दिल्ली में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने व्यापक रक्षा और रणनीतिक विषयों पर चर्चा की। बातचीत में रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने तथा दोनों पक्षों के रक्षा उद्योगों को एक साथ मिल कर सहयोगपूर्वक सह-विकास और रक्षा प्रणालियों का सह-उत्पादन करने पर विशेष फोकस किया गया।

दोनों देशों के मंत्रियों ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान के साथ अपने रक्षा प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाने के उपायों और साधनों पर चर्चा की। उन्होंने भारत-अमेरिका रक्षा औद्योगिक इकोसिस्टम, इंडस-एक्स की प्रगति की समीक्षा की, जिसे इस वर्ष जून में लॉन्च किया गया था।

इंडस-एक्स का उद्देश्य भारत और अमेरिका की सरकारों, व्यवसायों और अकादमिक संस्थानों के बीच रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदारी तथा रक्षा औद्योगिक सहयोग का विस्तार करना है। अमरीकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने बहरीन स्थित मुख्यालय वाली बहुपक्षीय संरचना, संयुक्त समुद्री बलों की पूर्ण सदस्यता बढ़ाने के भारत के निर्णय का स्वागत किया।

सेना ने जारी की नई नीति

## अग्निवीर के लिए सेना में भर्ती होना अब हुआ और आसान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अग्निपथ योजना के अंतर्गत सेना में भर्ती होने वाले अग्निवीर के लिए क्राइटेरिया को पहले के मुकाबले सरल किया गया है। पूर्व में इसे सामान्य सैनिकों की भर्ती संबंधी योग्यता के मुकाबले कुछ कठिन रखा गया था। हालांकि अब यह क्राइटेरिया एक जैसा कर दिया गया है। सेना ने इस संबंध में नई नीति जारी की है।



हालांकि नई नीति जारी होने से पहले ही अग्निवीर का पहला बैच ट्रेनिंग पूरी कर अपनी-अपनी यूनिट्स में आ गया है। इन सब के पहले साल की योग्यता का आकलन पुरानी पॉलिसी यानी टफ क्राइटेरिया के हिसाब से ही किया गया है। अग्निवीर का आकलन पहले साल ट्रेनिंग सेंटर में और फिर तीन साल यूनिट में होना है। रेगुलर सैनिक के लिए 5000 फीट की ऊंचाई तक में 5 किलोमीटर की दौड़ 25 से 28 मिनट में पूरा करना होता है। वहीं अग्निवीर यह दौड़ 23 मिनट में पूरी करने पर सुपर एक्सिलेंट की श्रेणी में आते हैं। वहीं, रेगुलर सैनिक अगर 25 मिनट या उससे कम समय में भी दौड़ पूरी करते हैं तो वे एक्सिलेंट ही होंगे। यहां 23 मिनट में दौड़ पूरी करने की कोई श्रेणी ही नहीं है।

गौरतलब है कि अग्निवीर सैनिकों का एक पूरा बैच सुपर एक्सिलेंट क्राइटेरिया से ही यूनिट तक पहुंचा है। यानी एक साल की उनकी मार्किंग हो चुकी है। हालांकि सेना के एक अधिकारी ने कहा कि फाइनल मार्किंग में इसे ठीक कर लिया जाएगा।

## बिहार : रसोई गैस सिलेंडर में लगी आग, 20 से अधिक झुलसे, आठ की हालत गंभीर

**मोतिहारी (आरएनएस)।** बिहार के पूर्वी चंपारण के पलनवा थाना क्षेत्र के एक घर में रिसाव के कारण रसोई गैस में सिलेंडर में आग लग गई। हादसे में पूरे घर में आग फैल गई। इससे 20 से अधिक लोग झुलस गए। घायलों मे आठ की हालत गंभीर बताई जाती है।



पुलिस के मुताबिक, पखनहिया गांव निवासी अच्छे लाल साह के घर में गुरुवार की रात रसोई गैस रिसाव हुआ, इससे घर में गैस भर गया। खाना बनाने के लिए जैसे ही गैस जलाने की कोशिश की गई, उसी दौरान गैस सिलेंडर में आग लग गई। हादसे में करीब 20 से अधिक लोग झुलस गए है, इनमें 8 लोगों की हालत गंभीर है।

बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर में विस्फोट के कारण आग पूरे घर में फैल गई और घर के सभी लोग उसकी चपेट में आ गए। मामले कीजानकारी मिलते ही पलनवा थानाध्यक्ष ललन कुमार, सीओ मणिभूषण कुमार सदल बल पहुंचे और स्थिति का आकलन किया। इसके बाद कई झुलसे गए लोगों को बेतिया, रक्सौल, मोतिहारी के अस्पतालों में भेजा गया। आग पर काबू पा लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, घायलों मे आठ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले ने जांच कि जा रही है।

## जिला स्तर पर तैयार होंगे 10वीं-12वीं के प्रश्नपत्र, व्हॉट्सऐप-ईमेल से भेजे जाएंगे पर्चे

**रायपुर (आरएनएस)।** जिले के शासकीय स्कूलों में 9वीं से 12वीं कक्षा की छहमाही परीक्षाएं 7 दिसंबर से आयोजित की जाएंगी। इस बार बोर्ड कक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र जिला स्तर पर तैयार होंगे।




जिला शिक्षा कार्यालय दसवीं और बारहवीं के प्रश्नपत्र तैयार करेगा। इसके बाद इन्हें स्कूलों में पेपर शुरू होने के कुछ देर पहले ही व्हॉट्सऐप अथवा ईमेल के जरिए भेज दिया जाएगा। स्कूल इनके प्रिंट आउट निकालकर छात्रों को वितरित करेंगे। वहीं 9वीं और 11वीं के प्रश्नपत्र शाला स्तर पर ही तैयार होंगे। प्रश्नपत्र जिला स्तर पर तैयार किए जाएंगे, लेकिन इनका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर ही होगा।

छहमाही परीक्षाओं के लिए जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा समय-सारिणी जारी कर दी गई है। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षाओं का आयोजन निर्धारित समय- सारिणी में ही करें। नवमी और दसवीं की परीक्षाएं 7 दिसंबर से शुरू होकर 14 दिसंबर तक चलेंगी, जबकि ग्यारहवीं और बारहवीं की परीक्षाएं 7 से 15 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी।

जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा छहमाही परीक्षाओं के प्रश्नपत्र तैयार करने के लिए शिक्षकों का समूह तैयार किया गया है। इस कोर ग्रुप में विशेषज्ञ शिक्षकों को जगह दी गई है। शाला स्तर पर प्रश्नपत्र तैयार किए जाने की स्थिति में प्रत्येक विद्यालय के प्रश्नपत्र का स्तर पृथक- पृथक होता है। इससे छात्रों का एक स्तर पर मूल्यांकन नहीं हो पाता है । वार्षिक परीक्षाओं के लिए योजना बनाने में इससे दिक्कतें आती हैं। इन सभी चीजों को देखते हुए फैसला लिया गया है कि सभी स्कूलों को एक समान प्रश्नपत्र वितरित किए जाएं, ताकि छात्रों का मूल्यांकन एक स्तर हो सके। इंग्लिश और हिंदी माध्यम विद्यालयों के लिए समय अलग-अलग रखा गया है । इंग्लिश माध्यम विद्यालयों की परीक्षाएं सुबह 8 से 11 बजे तक संचालित होंगी, जबकि हिंदी माध्यम विद्यालयों में परीक्षा का समय दोपहर 12 से 3 बजे तक रखा गया है।

रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने बताया कि, यह व्यवस्था हमने गुणवत्ता के लिए की है। इससे विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन की वास्तविक स्थिति का ज्ञान हो सकेगा। इसके आधार पर हमें वार्षिक की तैयारी करने में भी मदद मिलेगी।

## अवैध रूप से जमीन हड़पने के मामले में ईडी ने कुर्क की 11.82 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने गोवा में अवैध रूप से जमीन हड़पने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एस्टेवन डिसूजा, मोसेस फर्नांडिस और समीर कोरगांवकर की 11.82 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत संपत्तियों को कुर्क किया।




एजेंसी ने कहा कि उनकी जांच से पता चला है कि आरोपी व्यक्तियों ने जमीन को अवैध रूप से हथियाने के उद्देश्य से उन संपत्तियों की पहचान की, जहां संपत्ति के वास्तविक मालिक की बिना किसी कानूनी उत्तराधिकारी के मृत्यु हो गई थी या कानूनी उत्तराधिकारी भारत से बाहर रह रहे थे।

ईडी ने कहा, डिस्क्रिप्शन में फिट बैठने वाली संपत्तियों की पहचान करने के बाद, आरोपियों ने जालसाजी से और संपत्ति के मूल मालिक का प्रतिरूपण करके अपराध किया और बाद में अपने नाम पर सेल डीड या अपरिवर्तनीय पावर ऑफ अटॉर्नी निष्पादित करके, उन्होंने इन संपत्तियों पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया।

ईडी का मामला पोरवोरिम पुलिस स्टेशन और आर्थिक अपराध सेल (ईओसी), गोवा द्वारा आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई एफआईआर पर आधारित है, जो संपत्ति के मूल मालिक का रूप धारण करके अवैध रूप से जमीन या संपत्ति हड़पने और इस तरह खरीदारों को धोखा देने के संबंध में है।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्यवाई : हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन की 24.95 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन कांत मुंजाल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत उनकी 24.95 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा, दिल्ली स्थित मुंजाल की तीन अचल संपत्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। इसमें कहा गया है कि मुंजाल हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के सीएमडी और चेयरमैन हैं और उनकी संपत्ति करीब 24.95 करोड़ रुपये है। श्वष्ठ ने अगस्त में मुंजाल और उनकी कंपनियों के खिलाफ पीएमएलए मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की थी, जो राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के आरोप पत्र का संज्ञान लेने के बाद दायर किया गया था, जिसमें उन पर अवैध रूप से भारत से विदेशी मुद्रा/मुद्रा ले जाने का आरोप लगाया गया था। ईडी ने कहा, अभियोजन पक्ष की शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 54 करोड़ रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा/विदेशी मुद्रा अवैध रूप से भारत से बाहर ले जाया गया था।

## मुंबई के बांद्रा वर्ली सी लिंक हादसे में तीन की मौत, छह घायल

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई में बांद्रा वर्ली सी लिंक पर टोल प्लाजा पर एक एसयूवी ने कतार में खड़े कम से कम 10 वाहनों को टक्कर मार दी जिसमें दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को ये जानकारी दी।



हादसा गुरुवार रात करीब 10.45 बजे हुआ। गुरुवार को एक तेज रफ्तार टोयोटा इनोवा ने बीडब्ल्यूएसएल के बांद्रा साइड में टोल पोस्ट को पार करने का इंतजार कर रही कारों में टक्कर मार दी, जिससे कई लोग घायल हो गए, जिनमें तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस उपायुक्त कृष्णकांत उपाध्याय ने शुक्रवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि तीन गंभीर पीड़ितों ने दम तोड़ दिया है और छह अन्य का अभी भी लीलावती अस्पताल सहित विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है, और उनमें से दो गंभीर हैं। अधिकांश पीड़ित अपने वाहनों की पिछली सीटों पर बैठे थे जब इनोवा ने सी लिंक के उत्तरी छोर पर कतार में पीछे से टक्कर मार दी। डीसीपी उपाध्याय ने कहा कि इनोवा के चालक, जिसने वहां से भागने का प्रयास किया, की पहचान कर ली गई है और अन्य आरोपों के साथ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस के क्रू सदस्यों ने मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया, सरकार से की हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस (एईएक्स) के वरिष्ठ केबिन क्रू सदस्यों ने कंपनी द्वारा आचार संहिता के कथित उल्लंघन पर चिंता व्यक्त की है और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।




वरिष्ठ कर्मचारियों का दावा है कि उन्हें मानसिक उत्पीडऩ का सामना करना पड़ रहा है और अनुबंध अचानक समाप्त किये जा रहे हैं। इससे एयरलाइन प्रबंधन के काम करने के तरीके पर संदेह पैदा होता है।

एईएक्स कर्मचारी संघ ने नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भेजे पत्र में कहा है, प्रबंधन द्वारा जारी नवीनतम नियुक्ति पत्र के अनुसार, केबिन क्रू सदस्यों को किसी भी ट्रेड यूनियन गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति नहीं है। यह निर्णय बीएमएस के तहत पंजीकृत एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ की एकता को तोडऩे और उसके काम को रोकने के लिए लिया गया है।

पत्र में आगे दावा किया गया है कि अंजलि चटर्जी के नेतृत्व वाली एचआर टीम द्वारा हाल ही में लिए गए निर्णय के अनुसार, चार केबिन क्रू सदस्यों के अनुबंधों का बिना किसी कारण के नवीनीकरण नहीं किया गया। यूनियन ने दावा किया कि प्रबंधन द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों को पूरा करने के बावजूद अनुबंध नवीनीकरण के लिए मूल्यांकन कार्यक्रम के बाद यह निर्णय लिया गया है।

संघ ने कहा, नौ केबिन क्रू के अनुबंधों को पांच साल से घटाकर एक साल कर दिया गया और केबिन क्रू के अन्य सदस्यों के अनुबंध की अवधि भी घटाकर तीन साल कर दी गई। कंपनी एचआर के सर्कुलर में एक साल के लिए सशर्त अनुबंध जारी करने के लिए कोई पैरामीटर निर्धारित नहीं है। यह कटौती कार्रवाई का कारण बताए बिना मूल्यांकन कार्यक्रम के आधार पर की गई है। संचार में कोई पारदर्शिता नहीं रखी गई।

इसमें कंपनी की मूल्यांकन टीम द्वारा उत्पीडऩ और यातना का भी आरोप लगाया गया। पत्र में कहा गया है, मेघा सिंघानिया के नेतृत्व में मूल्यांकन के दौरान, केबिन क्रू से उनके रंग, भाषा और उच्चारण के बारे में पूछा गया और टिप्पणी की गई, और मातृत्व अवकाश के बाद ड्यूटी ज्वाइन करने वाली महिला क्रू की प्रदर्शन क्षमता पर सवाल उठाये गये। यह उत्पीडऩ केबिन क्रू के लिए मानसिक तनाव पैदा करता है जो यात्रियों की सुरक्षा को भी प्रभावित कर सकता है।

संघ ने यह भी आरोप लगाया कि संगठन के भीतर कुछ अनैतिक प्रथाएं देखी गई हैं, जिसमें अनुबंध नवीनीकरण के लिए बीएमआई गणना को प्रभावित करने के लिए लंबाई के माप में हेरफेर भी शामिल है।

पत्र में आरोप लगाया गया है कि लंबाई मापने का वर्तमान उपकरण कैलिब्रेटेड नहीं है, और इस विसंगति के परिणामस्वरूप कर्मचारियों को गलत तरीके से ड्यूटी से हटा दिया गया है। इसके अलावा एक दु:खद घटना में एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक केबिन क्रू सदस्य को ड्यूटी के दौरान रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई और अब उसे व्हीलचेयर पर जीवन बिताना पड़ रहा है। यह घटना भेदभाव और रोजगार के समान अवसरों की कमी के मुद्दों को पर प्रकाश डालती है।

संघ का कहना है कि हादसे की शिकार कर्मचारी का अनुबंध उसकी सीमित क्षमताओं के लिए उपयुक्त जमीनी कार्य पर विचार किए बिना समाप्त कर दिया गया। हालाँकि विकलांगता आयोग ने एक वर्ष के लिए सहायक संचालन भूमिका देने का आदेश दिया है, लेकिन कोई वास्तविक नौकरी नहीं सौंपी गई और अनुबंध समाप्ति को केवल स्थगित कर दिया गया। यह स्थिति टाटा आचार संहिता की विकलांगता की परवाह किए बिना सभी कर्मचारियों के लिए समान अवसरों की प्रतिबद्धता के विपरीत है।

पत्र में सीओओ पुष्पिंदर सिंह पर भर्ती और पदोन्नति में अनियमितताओं के आरोप लगाये गये हैं।

यूनियन ने आरोप लगाया, केबिन क्रू सदस्यों के लिए अनुबंध कार्यकाल में विसंगतियां, पक्षपात और एकाधिकारवादी प्रथाओं ने संगठन के भीतर निष्पक्ष श्रम प्रथाओं के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं।